सप्तदश बिहार विधान सभा

एकादश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या -03 वृहस्पतिवार, दिनांक--15 फरवरी, 2024 ई०।

मानीय उपाध्यक्ष श्री महेश्वर हजारी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 11:45 बजे पूर्वाह्न तक।

[1] आसन की घोषणा:--

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि माननीय मुख्यमंत्री, श्री नीतीश कुमार को सदन नेता तथा माननीय सदस्य, श्री तेजस्वी प्रसाद यादव को नेता विरोधी दल के रूप में मान्यता दी जाती है।

[2] अध्यक्ष का निर्वाचन:

अध्यक्ष के निर्वाचन के पूर्व माननीय उपाध्यक्ष महोदय की अनुमति से सभा सचिव ने महामहिम राज्यपाल से प्राप्त आदेश को पढ़ा: -

''भारत के संविधान के अनुच्छेद 178 तथा बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 9(1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, बिहार का राज्यपाल, इसके द्वारा बिहार विधान सभा के अध्यक्ष का निर्वाचन हेतु 15.02.2024 की तिथि निर्धारित करता हूँ।''

पटना ह०/-- राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर

दिनांक--12.02.2024 राज्यपाल, बिहार।''

माननीय उपाध्यक्ष की अनुमति से पुनः सभा सचिव ने बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 9 एवं 56 जो क्रमशः अध्यक्ष के निर्वाचन एवं मत विभाजन से संबंधित हैं, को पढ़कर सुनाया।

तदुपरान्त माननीय उपाध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि बिहार विधान सभा के अध्यक्ष पद के लिए कुल 15 (पन्द्रह) प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और सभी प्रस्ताव श्री नन्द किशोर यादव, स०वि०स० के पक्ष में हैं।

इन सभी प्रस्तावों में सर्वप्रथम प्राप्त प्रस्ताव को सदन में पेश करने हेतु श्री विजय कुमार चौधरी, स०वि०स० प्रस्तावक सदस्य को अनुमति दी गयी। तत्पश्चात श्री विजय कुमार चौधरी, स०वि०स० ने प्रस्ताव किया कि श्री नन्द किशोर यादव, स०वि०स० बिहार विधान सभा के अध्यक्ष चुने जाय, जिसका अनुमोदन माननीय सदस्य, श्री श्रवण कुमार द्वारा किया गया।

तदुपरान्त अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी, जिसमें माननीय उपाध्यक्ष महोदय द्वारा श्री नन्द किशोर यादव को सर्वसम्मति अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की गयी।

तत्पश्चात् माननीय उपाध्यक्ष महोदय के अनुरोध पर माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय नेता विरोधी दल ने ससम्मान श्री नन्द किशोर यादव को अध्यक्ष के आसन तक ले गए एवं आसन पर बिठाया। आसन ग्रहण करने के पश्चात माननीय अध्यक्ष द्वारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने पर सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

[3] <u>अध्यक्ष को बधाई</u>:–

माननीय मुख्यमंत्री, श्री नीतीश कुमार एवं निम्नांकित सभासदों द्वारा श्री नन्द किशोर यादव को अध्यक्ष, बिहार विधान सभा चुने जाने पर बधाई दी गयी तथा उनके प्रति शुभकामना प्रकट की गयी:–

(i) श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, माननीय नेता विरोधी दल
(ii) श्री सम्राट चौधरी, माननीय उप मुख्यमंत्री
(iii) श्री विजय कुमार सिन्हा, माननीय उप मुख्यमंत्री
(iv) श्री विजय कुमार चौधरी, माननीय मंत्री, संसदीय कार्य
(v) श्री महेश्वर हजारी, माननीय उपाध्यक्ष
(vi) श्री सुमित कुमार सिंह, माननीय मंत्री, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा
(vii) श्री अजय कुमार सिंह, स०वि०स०
(viii) श्री सत्यदेव राम, स०वि०स०
(ix) श्री जीतन राम माँझी, स०वि०स०
(x) श्री अजय कुमार, स०वि०स०
(xi) श्री विनय बिहारी, स०वि०स०
(xii) श्री अवध बिहारी चौधरी, स०वि०स०

[4] <u>अध्यक्ष का संबोधन</u>:–

अध्यक्ष चुने जाने के उपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को संबोधित किया गया। संबोधन यथा संलग्न।

तत्पश्चात् सभा की बैठक सोमवार, दिनांक–19 फरवरी, 2024 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–15.02.2024

राज कुमार
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।